Title: Need to provide safety measures at Rampur Railway crossing, Pratapgarh, U.P.

श्री चन्द्रनाथ सिंह (मछलीशहर) : सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र मछली शहर के रामापुर जनपद प्रतापगढ़ की ओर माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग पर रामापुर बाजार आता है जहां दोनों तरफ सड़क है किन्तु रामापुर रेलवे क्रासिंग पर फाटक नहीं होने से कई दुर्घटनाएं हो जाती हैं।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग से रामापुर देहात की ओर जाने वाले मार्ग पर रामापुर क्रासिंग (प्रतापगढ़) में एक केबिन तथा फाटक लगाने का कार्य शीघ्र किया जाये।